कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.10.2024

विषयः- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा शातिर वाहन चोर अनुज कुमार सिंह गिरफ्तार, चोरी गयी 01 अदद मोटरसाईकिल पैशन प्रो बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-105/2022 धारा 379 भा0द0वि0 व बढोतरी धारा 411 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त अनुज कुमार सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्रा0 केकड़ा थाना चांद जनपद भभुआ कैंमुर बिहार हालपता अनुराग पाण्डेय के मकान में वैष्णव नगर कालोनी छित्तुपुर थाना लंका जनपद वाराणसी को दिनांक-14.10.2024 को समय करीब 23.55 बजे छित्तुपुर लंका से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की निशानदेही पर पहड़िया पार्क के पास से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गये वाहन 01 अदद मोटरसाईकिल को बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-09.04.2022 को वादी मुकदमा श्री जंग बहादुर पुत्र फूलचन्दराम निवासी–ग्रा0 जाल्हूपुर पो0 अम्बा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी ने दिनांक-06.04.2022 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की मोटर साइकिल रजि0 नं0-UP 65 BZ 4878 पैशन प्रो चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर मे मु0अ0सं0-0105/2022 धारा 379 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 विद्यासागर द्वारा संपादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त अनुज कुमार सिंह ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे द्वारा वर्ष 2022 में एक मोटर साइकिल पहड़िया से चोरी की गयी थी। वह मोटर साइकिल मैनें कुछ दिन चलायी थी परन्तु फिर पकड़े जाने के डर से उक्त मोटरसाइकिल को मैनें पाहड़िया चौराहे से कुछ दूरी पर पार्क के पास खड़ी कर दिया था, जिसे मैनें आपको बरामद करा दिया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अनुज कुमार सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्रा0 केकड़ा थाना चांद जनपद भभुआ कैंमुर बिहार हालपता अनुराग पाण्डेय के मकान में वैष्णव नगर कालोनी छित्तुपुर थाना लंका जनपद वाराणसी, उम्र 34 वर्ष ।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- छित्तुपुर थाना लंका से, दिनांक-14.10.2024 को समय करीब 23.55 बजे।

बरामदगी का विवरण-

चोरी गया वाहन 01 अदद मोटर साइकिल पैशन प्रो रजि0 नं0-UP 65 BZ 4878 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0-105/2022 धारा 379 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 विद्यासागर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0का0 सुरेन्द्र कुमार मौर्या थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।